दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 16 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 348

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब घोटाला : ईडी को सत्येंद्र जैन से जेल में पूछताछ की मिली अनुमति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन से शुक्रवार को जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी। जैन की जमानत याचिकाएं 31 मई से विभिन्न सुनवाइयों में खारिज की जाती रही हैं। वह मनी लॉड्रिंग के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। मामले की जांच ईडी कर रहा है। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज गीतांजलि गोयल ने ईडी को जैन से जेल के अंदर पूछताछ करने की अनुमति देने का आदेश पारित किया। जांच एजेंसी ने कहा था कि वह जैन से शराब घोटाला मामले में पूछताछ करना चाहती है। इससे पहले सीबीआई ने जैन, उनकी पत्नी और अन्य पर भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत अपराध का आरोप लगाया था। 31 मार्च को ईडी ने मंत्री के स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनियों से संबंधित 4.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था। ईडी ने 6 जून को जैन, उनकी पत्नी और उनके सहयोगियों से संबंधित स्थानों पर छापे मारे, क्योंकि इन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जैन की मदद की थी या मनी लॉन्ड्रिंग की प्रक्रियाओं में शामिल थे। छापेमारी के दौरान 2.85 करोड़ रुपये नकद और 1.80 किलोग्राम वजन के 133 सोने के सिक्के बरामद किए गए।

### प्रधानमंत्री मोदी अपने जन्मदिवस पर कुनो राष्ट्रीय उद्यान का करेंगे दौरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपने जन्मदिन के दिन मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे, जहां नामीबिया से चीतों को छोड़ा जाएगा। जंगली चीतों को भारत में लाने से वन्य जीवन और उनके विकास को पुनर्जीवित करने और विविधता लाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। 1952 में चीता को भारत से विलुप्त घोषित कर दिया गया था। चीतों को साल की शुरूआत में एक समझौता ज्ञापन के तहत लाया गया है। बाद में, प्रधानमंत्री कराहल, श्योपुर में महिला एसएचजी सदस्यों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों के साथ स्वयं सहायता समूह सम्मेलन में भाग लेंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा के 150 किलोमीटर पूरे, आज यात्री नहीं करेंगे पदयात्रा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी सहित अन्य नेता आज पद यात्रा नहीं करेंगे। 150 किलोमीटर पूरा होने के बाद आज सभी यात्री आराम करेंगे और आगे की रूप रेखा तैयार करेंगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया, 150 किलोमीटर पूरा करने के बाद आज, 15 सितंबर भारत जोड़ो यात्रा के लिए आराम का दिन है। सभी भारत यात्री विश्राम करेंगे, अब तक के अनुभवों पर चर्चा करेंगे और आगे की यात्रा के लिए खुद को तैयार करेंगे। हमारा मनोबल ऊंचा है और हमारे संकल्प मजबूत हैं। कल यात्रा फिर से शुरू होगी। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा, मोदी सरकार कमर तोड़ महंगाई पर चुप क्यों है? इनकी इसी चुप्पी को तुड़वाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू की गई है। दरअसल 3500 किलोमीटर की यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी ने श्रीपेरंबदूर से शुरुआत की थी, वह यहां पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर एक प्रार्थना सभा में शामिल हुए थे।

# 2500 करोड़ की ड्रग्स बरामदगी केस में मैन्युफैक्चरिंग कंपनी का मालिक अरेस्ट

**मुंबई (आरएनएस)।** एंटी नारकोटिक्स सैल को 2500 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामदगी मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी नॉरकोटिक्स सेल ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अम्बरनाथ से एक केमिकल कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है। इस कंपनी के मालिक को पुलिस ने ड्रग्स बनाने की साजिश में शामिल होने के चलते गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक अम्बरनाथ की ह्वरूर ष्ट॥श्वरूढ्ढष्ट्ररु स्त्रष्टञ्जह्लक्रड्ढघ में ही इस मामले का मुख्य आरोपी प्रेम शंकर सिंह ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग करवाता था। मालिक पर ड्रग्स बनाने की साजिश का गंभीर आरोप लगा है।



एंटी नारकोटिक्स सैल ने 2500 करोड़ की ड्रग्स बरामदगी मामले में अब फैक्ट्री के मालिक समेत 8वीं गिरफ्तारी की है। आरोप है कि इस फैक्ट्री के मालिक से ही मुख्य आरोपी प्रेम शंकर सिंह मोटा कमीशन देकर बड़े स्तर पर ड्रग्स तैयार करवाता था। मुख्य आरोपी कंपनी के मालिक को प्रति किलो के हिसाब से मोटा कमीशन अदा करता था। बताते चलें कि पिछले महीने ही एंटी नॉरकोटिक्स सेल ने इस कंपनी में छापा मारा था और ड्रग्स के इस गोरखधंधे का पर्दाफाश किया था। सैल ने जिस कंपनी मालिक को गिरफ्तार किया है उसका नाम जिनेन्द्र बोरा है। हालांकि इससे पहले नारकोटिक्स टीम कंपनी के मैनेजर किरण पवार को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के मुताबिक केमिकल कंपनी की आड़ में यहां पर एमडी ड्रग्स की बड़े स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। उसके बाद यहां से ड्रग्स गाड़ियों से नालासोपारा ड्रग्स फैक्ट्री पहुंचाई जाती थी। इस कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों ने एमडी ड्रग्स बनाने के दौरान आने वाली गंदी बदबू के चलते इसे बाद में बनाने से मना कर दिया था, जिसके बाद मुख्य आरोपी प्रेम शंकर सिंह ने मैन्युफैक्चरिंग को गुजरात के भरूच की एक केमिकल कंपनी में शिफ्ट कर दिया था।

## भाजपा ने लगाया तृणमूल नेता पर 200 करोड़ की हेरोइन मंगवाने का आरोप : तृणमूल ने सिरे से किया खारिज

**कोलकाता (आरएनएस)।** बिते दिनों गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) और राजस्व खुफिया निदेशालय ने कोलकाता पोर्ट के पास 200 करोड़ की हेरोइन जब्त किया था। उक्त जब्त किये गये करीब 40 किलो हेरोइन कंटेनर में 36 गियर बॉक्स में छिपाकर लाई गई थी। लगभग पांच दिन के बाद उक्त हेरोइन बरामदगी मामले को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ऐसे गंभीर आरोप आज लगाये है कि, जिससे सनसनी फैल गई है। प्रदेश भाजपा के आरोपों के अनुसार हेरोइन एक तृणमूल कार्यकर्ता को आपूर्ति करने के लिये लाया गया था। उक्त मादक को शरीफुल इंटरप्राइजेज के लिये लाया गया था। बीजेपी का दावा है कि उक्त संस्थान का मालिक शरीफुल इस्लाम मोल्ला तृणमूल से जुड़ा है। यह भी दावा किया गया है कि शरीफुल संदेशखली ब्लॉक 1 और 2 तृणमूल अध्यक्ष शिबू हाजरा और शेख शाहजहांन का करीबी हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और महासचिव जगन्नाथ चटर्जी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में यह उक्त दावा किया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि राज्य के दो मंत्री इस मादक पदार्थ तस्करी की घटना में शामिल हैं। आज प्रदेश भाजपा ने यह भी दावा किया कि उक्त 40 किलो हेरोइन को गियर बॉक्स में छुपा कर कंटेनर से पोर्ट में लाया गया था। इस दौरान भाजपा नेताओं ने मामले से जुड़े कथित दस्तावेज भी पेश किया गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि, पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद इस हेरोइन को बुक किया गया था। कथित तौर पर यह हेरोइन पिछले मार्च में दुबई से कोलकाता आई थी। यह हेरोइन कुल 605 पैकेट और 2500 किलो स्पेयर पार्ट में लायी गई थी। लेकिन हेरोइन कोलकाता पोर्ट में पड़ी थी, लेकिन शरीफुल मोल्ला ने सितंबर तक इसे नहीं लिया। भाजपा का दावा है कि प्रदूषण प्रमाण पत्र की समस्या का हवाला देकर हेरोइन को पोर्ट से नहीं ले जाया गया। बाद में 9 सितंबर को गुजरात एटीएस ने तलाशी ली और कंटेनर को जब्त कर हेरोइन बरामद कर लिया। भाजपा का आरोप है कि बीएसएसएफ द्वारा शरीफुल के घर छापे मारे गये थे लेकिन वह नहीं मिला। बीजेपी को डर है कि शरीफुल बांग्लादेश भाग गया होगा। सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि मादक के कारोबार के लिये शरीफुल ने 100 करोड़ रुपए लगाये थे लेकिन सवाल उठ रहा है कि इतना पैसा उसके पास कहां से आया। मजूमदार ने आरोप लगाया की हेरोइन के पकड़े जाने के बाद शरीफुल के एक करीबी तृणमूल नेता संदेशखली ब्लॉक 2 के तृणमूल अध्यक्ष शेख शाहजहांन ने राज्य के एक मंत्री के साथ 17 से 18 बार बैठक की थी।

## दो ट्रकों की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार चार लोगों की मौत




**सीतापुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के सिधौली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर दो ट्रकों ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली पर एक ही परिवार के 35 सदस्य सवार थे और एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे, जबकि दूसरे ने पीछे से उसमें जोरदार टक्कर मार दी। अधिकारी के मुताबिक, हादसे में चार लोगों के मरने और 30 अन्य के घायल होने की खबर है। उन्होंने बताया कि चार घायलों की हालत गंभीर है, जिन्हें उपचार के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह ने बताया कि घटना बुधवार रात की है, जब शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र के 35 लोग एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर बाराबंकी के देवा शरीफ तीर्थस्थल पर मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। सिंह के अनुसार, जब ये लोग सिधौली शहर पहुंचे तो तेज बारिश हो रही थी और तभी एक ट्रक ने उन्हें आगे से, जबकि दूसरे ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य सवारियों को गंभीर चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। सिंह के अनुसार, मृतकों की पहचान 40 वर्षीय इजराइल, 18 वर्षीय सब्बुल, 12 वर्षीय हसन और 70 वर्षीय नूर मोहम्मद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घटना की जांच जारी है।

## ईओडब्ल्यू ने नोरा फतेही को 200 करोड़ की रंगदारी मामले में किया तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से बुधवार को आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने चल रही जांच के सिलसिले में गुरुवार को सुबह 11 बजे बॉलीवुड हस्ती नोरा फतेही को पूछताछ के लिए फिर से तलब किया है। मामला करोड़पति ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के रंगदारी-सह-धोखाधड़ी से जुड़ा है, जो वर्तमान में जेल में बंद है। नोरा से पहले सितंबर के पहले सप्ताह में इसी मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा पूछताछ की गई थी।

जैकलीन बुधवार को सुबह करीब 11 बजे ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचीं और रात करीब आठ बजे तक उनसे



पूछताछ होती रही।

सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को नोरा से पूछताछ के बाद पुलिस तय करेगी कि जैकलीन को दोबारा कब समन किया जाए।

बुधवार को जैकलीन का इस मामले की एक और आरोपी पिंकी ईरानी से आमना-सामना हुआ।

चंद्रशेखर को फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह सहित कुछ हाई-प्रोफाइल लोगों से कथित तौर पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने कई बॉलीवुड अभिनेताओं और मॉडलों से चंद्रशेखर से कथित संबंधों के लिए पूछताछ की है।

पिछले साल अप्रैल में, चंद्रशेखर को 2017 चुनाव आयोग रिश्वत मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें कथित तौर पर अन्नाद्रमुक के एक पूर्व नेता शामिल थे।

**पिंकी ईरानी से होगी आमने-सामने पूछताछ-** बॉलीवुड अदाकारा नोरा फतेही करोड़पति ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की रंगदारी के मामले की जांच में शामिल होने के लिए गुरुवार को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कार्यालय पहुंचीं। चंद्रशेखर की सहयोगी पिंकी ईरानी भी ईओडब्ल्यू कार्यालय में थीं। कुछ चीजों को साफ करने के लिए दोनों का ईओडब्ल्यू अधिकारियों से आमना-सामना होगा। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने कहा था कि बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीस और ईरानी के बयानों में अंतर-विरोध है। अब पुलिस फतेही और ईरानी से फिर पूछताछ करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम कुछ चीजें स्पष्ट करना चाहते हैं, इसलिए हमने ईरानी और फतेही को फिर से बुलाया है। आज उनका आमना सामना किया जाएगा।

## सलमान खान को मारने के लिए गैगेस्टर लॉरेंस गैंग ने बनाया था प्लान बी

**चण्डीगढ़ (आरएनएस)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को मारने की धमकी दे चुके गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कहने पर उसके साथी ना सिर्फ 4 बार मुंबई जाकर उसकी रेकी कर चुके थे, बल्कि वारदात के लिए 4 लाख की कीमत वाली ज्यादा रेंज की राइफल भी खरीद चुके थे। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है कि लॉरेंस गैंग ने पिछले 3 महीने में सलमान पर हमले की 2 और कोशिशें कीं। उन्होंने एक्टर को उनके फार्महाउस में मारने का प्लान बनाया था। पंजाब पुलिस ने बताया कि सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले लॉरेंस ने सलमान को मारने की साजिश रची थी। प्लान के फेल होले के बाद गैंग ने प्लान तैयार किया था। इस प्लान को गोल्डी बराड़ लीड कर रहा था। गोल्डी ने सलमान की हत्या करने के लिए कपिल पंडित (लॉरेंस गैंग का शार्प शूटर) को चुना था और यह



तय हुआ था कि पनवेल फार्महाउस जाने के वक्त एक्टर पर जानलेवा हमला किया जाए।

दरअसल, सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने वाले 7 गैंगस्टरों में शामिल दीपक मुंडी के साथ गत दिवस नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार हुए कपिल पंडित ने पूछताछ में इस बात का खुलासा किया है कि लॉरेंस बिश्नोई अभिनेता सलमान खान की हत्या करने के लिए एक या दो बार नहीं चार बार साजिश रच चुका है। सबसे पहले उसने 2018 में अपने शार्प शूटर सम्पत नेहरा को इसके लिए मुंबई भेजा था, जिसने कई दिनों तक सलमान की रेकी करने के बाद लॉरेंस को रिपोर्ट दी की उसके करीब जाना आसान नहीं है। उसके पास जो हथियार है उसकी रेंज इतनी नहीं है कि दूर से सलमान को निशाना बना कर गोली चलाई जा सके। इसके बाद लॉरेंस ने एक बार फिर सम्पत को इस वारदात को अंजाम देने के लिए ना सिर्फ मुंबई भेजा, बल्कि उसे 4 लाख रुपए भी उपलब्ध करवाए, ताकि वो ऐसा हथियार खरीद सके जिसकी रेंज ज्यादा हो।

लेकिन वह इसमें दूसरी बार भी सफल नहीं हो सका और बाद में वापस आने पर उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद लॉरेंस ने अपने दूसरे शूटरों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी और इस बार कपिल पंडित और संतोष यादव को इस काम के लिए मुंबई भेजा था। उन्होंने कई दिनों तक मुंबई में रुक कर सलमान खान की रेकी की और इस बात का पूरा खाका तैयार किया ताकि वह कब साइकिल चलाने के लिए घर से निकलता है और उस समय उसके साथ कितनी सुरक्षा होती है। इतना ही नहीं आरोपियों ने खान के शहर से बाहर बने फार्म हाऊस का भी पता लगा लिया था, जहां वो कभी-कभी जाता था। वहां भी उसके साथ ज्यादा सुरक्षा नहीं होती थी। इसी ग्रुप की तरफ से सलमान के पिता तक धमकी भरी चि_ी भी भेजी गई थी, जिसके बाद सलमान ने मुंबई पुलिस से अपनी सुरक्षा बढ़ाने के साथ बुलेटप्रूफ गाड़ी की भी मांग की थी। इन दोनों गैंगस्टरों को लॉरेंस का भांजा सचिन थापन लीड कर रहा था, जो मूसेवाला की हत्या से कुछ माह पहले ही फर्जी पासपोर्ट पर विदेश भाग गया था। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई सलमान खान की हत्या करके 1998 के काले हिरण के शिकार का बदला लेना चाहता है। लॉरेंस ने 2018 में जोधपुर कोर्ट में पेश किए जाने के दौरान सलमान को मारने की धमकी दी थी। इसके बाद सलमान सिर्फ दो बार ही जोधपुर में कोर्ट पेश हुए।

## लखीमपुर खीरी में पेड़ से लटके मिले 2 दलित बहनों के शव, 6 गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में दो दलित बहनों के पेड़ से लटके शव मिलने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजीव सुमन ने एक संवाददाता सम्मेलन में गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमने घटना के बाद रातभर चले तलाशी अभियान के दौरान जुनैद, सोहेल, हाफिजुर रहमान, करीमुद्दीन, आरिफ और छोटू को गिरफ्तार किया है। एसपी ने दावा किया कि जुनैद और सोहेल के दोनों मृतक बहनों के साथ प्रेम संबंध थे। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, जुनैद और सोहेल के कहने पर दोनों बहनें बुधवार दोपहर अपने घर से निकली थीं। हाफिजुर रहमान भी जुनैद और सोहेल के साथ मौजूद था। एसपी के अनुसार, जुनैद और सोहेल ने कबूल किया है कि उन्होंने दोनों लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने के बाद उनका गला घोंट दिया। एसपी सुमन ने बताया, जुनैद और सोहेल ने शवों को ठिकाने लगाने के लिए करीमुद्दीन और आरिफ को बुलाया। बाद में उन्होंने इसे आत्महत्या के मामले के रूप में दर्शाने के लिए दोनों बहनों के शव पेड़ पर लटकाने का फैसला किया। एसपी के मुताबिक, अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र में बुधवार शाम दोनों दलित बहनों के शव गन्ने के एक खेत में पेड़ से लटके मिले थे।

## बड़े हमले की कोशिश नाकाम : जम्मू-कश्मीर के रियासी में हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों ने एक 'हाइब्रिड आतंकवादी' को गिरफ्तार करके बड़े आतंकी हमले की कोशिश को नाकाम करने का दावा किया है। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादी के ठिकाने से हथियार, गोला-बारूद और 1,81,000 रुपये नकद बरामद किए हैं, जिसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जाना था। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी की पहचान बल-अंगराला के निवासी जफर इकबाल के रूप में हुई है। वह राजौरी जिले में सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में मारे गए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मोहम्मद इसहाक का भाई है। 'हाइब्रिड आतंकवादी' गैर-सूचीबद्ध कट्टरपंथी होते हैं, जो आतंकी हमलों को अंजाम देकर फिर से आम जीवन जीने लगते हैं। पुलिस ने कहा कि महोर थाने को सूचना मिली थी कि जफर इकबाल पाकिस्तान में बैठे आतंकी आकाओं के संपर्क में है। इस सूचना के आधार पर, पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की टीमों ने अंगराला जंगल में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था। अभियान के दौरान इलाके में एक ठिकाने से दो पिस्तौल, चार मैगजीन, 22 कारतूस और एक ग्रेनेड बरामद किया गया है। बाद में 1,81,000 रुपये बरामद किए गए, जिनका आंतकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाना था। संयुक्त टीम ने प्लासू नाले से इकबाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि वह आतंकवादी समूहों के संपर्क में था। रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमित गुप्ता ने कहा कि इकबाल की गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान में बैठे आतकंवादियों के आका रियासी के ऊंचे इलाकों में आतंकवाद को फिर से जिंदा करने की लगातार कोशिशें कर रहे हैं और इकबाल जैसे लोग उनके लिए काम कर रहे हैं।

## बार काउंसिल ने उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की वकालत की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर क्रमश: 65 और 67 वर्ष करने के लिए संविधान में संशोधन की सर्वसम्मति से वकालत की है।

अभी निचली अदालत के न्यायिक अधिकारी, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश क्रमश: 60, 62 और 65 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं। खासतौर पर बार के नेता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

बीसीआई ने एक बयान जारी कर कहा, सभी राज्यों की बार काउंसिल, उच्च न्यायालय बार संघ और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने बीते सप्ताह उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के संबंध में इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

इसमें कहा गया है, इस पर व्यापक विचार करने के बाद बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि संविधान में तत्काल संशोधन होना चाहिए और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष तथा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 67 वर्ष की जानी चाहिए।

बयान में कहा गया है कि संयुक्त बैठक में संसद से विभिन्न प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार करने की सिफारिश करने का भी निर्णय लिया गया है, ताकि अनुभवी वकीलों को विभिन्न आयोगों तथा अन्य मंचों का अध्यक्ष नियुक्त किया जा सके। बीसीआई सचिव श्रीमंतो




सेन ने बुधवार को जारी बयान में कहा, यह फैसला किया गया है कि इस पत्र की प्रति प्रधानमंत्री और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय को भेजी जाए, ताकि प्रस्ताव पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।